भारत सरकार
सहकारिता मंत्रालय

**राज्य सभा**
**अतारांकित प्रश्न सं. 3530**
बुधवार**,** 2 अप्रैल**,** 2025 (12 चैत्र**,** 1947 (शक)) को उत्तरार्थ

## बहु-राज्य सहकारी समितियां

3530 **#** श्री राजीब भट्टाचार्जीः

क्या **सहकारिता** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) देश में अनुसूची 2 के अंतर्गत पंजीकृत बहु-राज्य सहकारी समितियों की संख्या कितनी है**;**

(ख) इन समितियों के अध्यक्षों और प्रबंध निदेशकों के नाम क्या हैं और ये समितियां अपने पंजीकरण के राज्य के अलावा किन-किन राज्यों में सक्रिय रूप से कार्य कर रही हैं; और

(ग) क्या सरकार इन समितियों की पारदर्शिता**,** वित्तीय अनुशासन और सुचारू संचालन सुनिश्चित करने के लिए कोई नई निगरानी प्रणाली या विनियामक प्रावधान लागू करने पर विचार कर रही है ?

## उत्तर

सहकारिता मंत्री
(श्री अमित शाह)

(क) और (ख): बहुराज्य सहकारी सोसाइटी अधिनियम, 2002 की अनुसूची-2 के अधीन देश में 19 बहुराज्य सहकारी समितियां सूचीबद्ध हैं । इन समितियों के अध्यक्षों और प्रबंध निदेशकों के साथ उनके पंजीकरण के राज्यों को छोड़कर उन राज्यों का ब्योरा जहां ये समितियां कार्य कर रही हैं **संलग्नक-I** में दिया गया है ।

(ग): मौजूदा कानून के अनुसमर्थन द्वारा और सत्तानबेवाँ संविधान संशोधन के उपबंधों को अंतर्विष्ट करके बहुराज्य सहकारी समितियों में शासन सशक्तीकरण**,** पारदर्शिता वृद्धि**,** जवाबदेही बढ़ाने और निर्वाचन प्रक्रिया में सुधार**,** आदि के लिए बहुराज्य सहकारी सोसाइटी (संशोधन) अधिनियम और नियम**,** 2023 को क्रमश: दिनांक 03.08.2023 और दिनांक 04.08.2023 को अधिसूचित किया गया है ।

**उपर्युक्त संशोधन के माध्यम से निगरानी प्रणाली को सशक्त करने**, **समितियों में पारदर्शिता**, **वित्तीय अनुशासन और सुचारू कार्यकरण सुनिश्चित करने तथा उनमें वित्तीय अनियमितताओं की रोकथाम के लिए अन्य बातों के साथ-साथ अनेक उपबंध लाए गए हैं**, **जैसे**: -

i. बहुराज्य सहकारी समितियों में समयबद्ध, नियमित और पारदर्शी निर्वाचन कराने के लिए सहकारी निर्वाचन प्राधिकरण का उपबंध शामिल किया गया है ।
ii. सदस्यों की शिकायतों के निवारण हेतु तंत्र प्रदान करने के लिए केंद्रीय सरकार द्वारा सहकारी ऑम्बुड्समैन की नियुक्ति ।

iii. पारदर्शिता में सुधार हेतु बहुराज्य सहकारी समितियों द्वारा सदस्यों को सूचना प्रदान करने के लिए सूचना अधिकारी की नियुक्ति ।

iv. 500 करोड़ रुपये से अधिक के टर्नओवर/जमा वाली बहुराज्य सहकारी समितियों के लिए केंद्रीय पंजीयक द्वारा अनुमोदित संपरीक्षकों के पैनल द्वारा समवर्ती संपरीक्षण का उपबंध शामिल किया गया है । समवर्ती संपरीक्षण से धोखाधड़ी या अनियमितताएं, यदि कोई हो, का जल्द पता लग सकेगा और तदनुसार तत्काल सुधार । वित्तीय वर्ष 2024-25 हेतु बहुराज्य सहकारी समितियों के लिए संपरीक्षकों के निम्नलिखित दो पैनल अधिसूचित किए गए हैं:
   1) पांच सौ करोड़ रुपये तक के वार्षिक टर्नओवर/जमा (जो भी दशा हो) वाली बहुराज्य सहकारी समितियों के लिए सांविधिक संपरीक्षण हेतु संपरीक्षकों का पैनल ।
   2) पांच सौ करोड़ रुपये से अधिक के वार्षिक टर्नओवर/जमा (जो भी दशा हो) वाली बहुराज्य सहकारी समितियों के लिए सांविधिक और समवर्ती संपरीक्षण हेतु संपरीक्षकों का पैनल ।

v. पारदर्शिता में सुधार हेतु राष्ट्रीय सहकारी समितियों के संपरीक्षण रिपोर्टों को संसद में प्रस्तुत किया जाएगा ।

vi. लेखांकन और संपरीक्षण में एकरूपता सुनिश्चित करने के लिए केंद्रीय सरकार द्वारा बहुराज्य सहकारी समितियों के लेखांकन और संपरीक्षण मानकों का निर्धारण ।

vii. शासन और पारदर्शिता में सुधार हेतु बहुराज्य सहकारी समितियों के वार्षिक रिपोर्ट में बोर्ड के ऐसे निर्णयों को शामिल करना जो सर्वसम्मति से न लिए गए हों ।

viii. केंद्रीय सरकार द्वारा थ्रिफ्ट और क्रेडिट का व्यवसाय करने वाली बहुराज्य सहकारी समितियों के लिए केंद्रीय सरकार द्वारा विवेकपूर्ण मानदंडों (तरलता, एक्सपोजर, आदि) का निर्धारण ।

ix. बहुराज्य सहकारी समितियों में परिवारवाद और पक्षपात की रोकथाम हेतु किसी बहुराज्य सहकारी समिति का निदेशक उन विचार-विमर्श में उपस्थित नहीं होगा या उन मामलों में मतदान नहीं करेगा जहां वह स्वयं या उसके परिजन हितबद्ध पक्ष हों ।

x. शासन में सुधार, बकाया की बेहतर वसूली और यह सुनिश्चित करने के लिए लोप और करण त्रुटि की पुनरावृत्ति कहीं और न हो सके, निदेशकों की अयोग्यता के अतिरिक्त आधार बनाए गए हैं।

xi. सुरक्षित निवेश के लिए बहुराज्य सहकारी समितियों द्वारा निधियों के निवेश के उपबंध को पुन:परिभाषित किया गया है ।

xii. अधिक वित्तीय अनुशासन और पारदर्शिता के लिए बहुराज्य सहकारी समितियों के बोर्ड द्वारा गठित समितियों में संपरीक्षा और आचार समिति का गठन किया जाएगा ।

xiii. शासन सशक्तीकरण हेतु मुख्य कार्यकारी अधिकारी (CEO) की नियुक्ति की शर्तों को विनिर्दिष्ट किया गया है ।

xiv. बहुराज्य सहकारी समितियों में लोकतांत्रिक निर्णयन को बढ़ावा देने के लिए बोर्ड की बैठकों के लिए गणपूर्ति को विनिर्दिष्ट किया गया है ।

xv. यदि केंद्रीय पंजीयक को यह सूचना मिलती है कि कपटपूर्ण तरीके से या किसी गैरकानूनी प्रयोजन से व्यवसाय किया जा रहा है तो वह जांच-पड़ताल करा सकता है ।

xvi. यदि किसी बहुराज्य सहकारी समिति द्वारा दुर्व्यपदेशन (misrepresentation), कपट, इत्यादि से पंजीकरण प्राप्त किया गया हो तो सुनवाई का अवसर देने के पश्चात् उसके परिसमापन का उपबंध किया गया है ।

xvii. बहुराज्य सहकारी समितियों के सामूहिक हितों के विरुद्ध सदस्यों को कार्य करने से हतोत्साहित करने के लिए बहुराज्य सहकारी समिति के किसी निष्कासित सदस्य की निष्कासन अवधि को 1 वर्ष से बढ़ा कर 3 वर्ष कर दिया गया है ।

*****

**संलग्नक-I**

**बहुराज्य सहकारी सोसाइटी अधिनियम, 2002 की अनुसूची-2 के अधीन पंजीकृत बहुराज्य सहकारी समितियों के अध्यक्ष और प्रबंध निदेशकों का ब्योरा**

| क्रम सं. | समिति का नाम | अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक के नाम | कार्यक्षेत्र एवं पंजीकरण का राज्य |
|---|---|---|---|
| 1 | नेशनल कोऑपरेटिव लैंड डेवलपमेंट बैंक्स फेडरेशन लिमिटेड, मुंबई | अध्यक्ष– श्री दोलर वी. कोटेचा<br>प्रबंध निदेशक– श्री के के रवीन्द्रन | पंजीकृत राज्य– महाराष्ट्र<br>कार्यक्षेत्र- अखिल भारत |
| 2 | नेशनल फेडरेशन ऑफ स्टेट कोऑपरेटिव बैंक्स लिमिटेड (NAFSCOB), मुंबई | अध्यक्ष: श्री कोंडुरु रविंदर राव<br>प्रबंध निदेशक- श्री भीमा सुब्रह्मण्यम | पंजीकृत राज्य– महाराष्ट्र<br>कार्यक्षेत्र- अखिल भारत |
| 3 | भारतीय राष्ट्रीय सहकारी संघ (NCUI), नई दिल्ली | अध्यक्ष: श्री दिलीप संघानी<br>प्रबंध निदेशक– डॉ. सुधीर महाजन | पंजीकृत राज्य- दिल्ली<br>कार्यक्षेत्र- अखिल भारत |
| 4 | भारतीय राष्ट्रीय कृषि सहकारी विपणन संघ मर्यादित (NAFED), नई दिल्ली | अध्यक्ष– श्री जेठाभाई अहीर<br>प्रबंध निदेशक- श्री दीपक अग्रवाल | पंजीकृत राज्य- दिल्ली<br>कार्यक्षेत्र- अखिल भारत |
| 5 | भारतीय राष्ट्रीय उपभोक्ता सहकारी संघ मर्यादित (NCCF), नई दिल्ली | अध्यक्ष– श्री विशाल सिंह<br>प्रबंध निदेशक– श्रीमती एनिस जोसफ चंद्र | पंजीकृत राज्य- दिल्ली<br>कार्यक्षेत्र- अखिल भारत |
| 6 | नेशनल फेडरेशन ऑफ कोऑपरेटिव शुगर फैक्ट्रीज लिमिटेड, नई दिल्ली | अध्यक्ष–श्री हर्षवर्धन पाटिल<br>प्रबंध निदेशक– श्री प्रकाश नाइकनवारे | पंजीकृत राज्य- दिल्ली<br>कार्यक्षेत्र- अखिल भारत |
| 7 | भारतीय राष्ट्रीय सहकारी आवास संघ (NCHF), नई दिल्ली | अध्यक्ष– श्री बिजय कुमार सिंह<br>प्रबंध निदेशक– श्री एन.एस. मेहरा | पंजीकृत राज्य- दिल्ली<br>कार्यक्षेत्र- अखिल भारत |
| 8 | इंडियन फार्मर्स फर्टिलाइजर कोऑपरेटिव लिमिटेड (IFFCO), नई दिल्ली | अध्यक्ष: श्री दिलीप संघानी<br>प्रबंध निदेशक– डॉ. यू.एस. अवस्थी | पंजीकृत राज्य- दिल्ली<br>कार्यक्षेत्र- अखिल भारत |
| 9 | ऑल इंडिया फेडरेशन ऑफ कोऑपरेटिव स्पिनिंग मिल्स लिमिटेड, मुंबई | अध्यक्ष: श्री राजेंद्र एस पाटिल (यदरावकर)<br>प्रबंध निदेशक- रिक्त | पंजीकृत राज्य– महाराष्ट्र<br>कार्यक्षेत्र- अखिल भारत |
| 10 | नेशनल कोऑपरेटिव डेयरी फेडरेशन ऑफ इंडिया लिमिटेड (NCDFI), नई दिल्ली | अध्यक्ष– डॉ. मीनेश शाह<br>प्रबंध निदेशक - श्री श्रीनिवास सज्जा | पंजीकृत राज्य- दिल्ली<br>कार्यक्षेत्र- अखिल भारत |
| 11 | ऑल इंडिया हैंडलूम फैब्रिक्स मार्केटिंग कोऑपरेटिव सोसाइटी लिमिटेड, नई दिल्ली | अध्यक्ष– श्री राहुल पथरीकर<br>प्रबंध निदेशक- श्री आर. सुंदरेसन | पंजीकृत राज्य- दिल्ली<br>कार्यक्षेत्र- अखिल भारत |
| 12 | नेशनल फेडरेशन ऑफ अर्बन कोऑपरेटिव बैंक्स एंड क्रेडिट सोसाइटीज लिमिटेड (NAFCUB), नई दिल्ली | अध्यक्ष– श्री लक्ष्मी दास<br>प्रबंध निदेशक - श्री योगेश शर्मा | पंजीकृत राज्य- दिल्ली<br>कार्यक्षेत्र- अखिल भारत |

| | | | |
|---|---|---|---|
| 13 | कृषक भारती कोऑपरेटिव लिमिटेड (कृभको) | अध्यक्ष – रिक्त<br>प्रबंध निदेशक- श्री एम.आर. शर्मा | पंजीकृत राज्य-उत्तर प्रदेश (नोएडा)<br>कार्यक्षेत्र- अखिल भारत |
| 14 | नेशनल फेडरेशन ऑफ फिशरमेन्स कोऑपरेटिव लिमिटेड (FISHCOPFED), नई दिल्ली | अध्यक्ष-श्री टी प्रसाद राव डोरा<br>प्रबंध निदेशक-श्री शैलेन्द्र सिंह | पंजीकृत राज्य- दिल्ली<br>कार्यक्षेत्र- अखिल भारत |
| 15 | नेशनल लेबर कोऑपरेटिव फेडरेशन ऑफ इंडिया लिमिटेड (NLCF), नई दिल्ली | अध्यक्ष-श्री संजीव आर. कुसालकर<br>प्रबंध निदेशक– डॉ. विनय कुमार चौहान | पंजीकृत राज्य- दिल्ली<br>कार्यक्षेत्र- अखिल भारत |
| 16 | भारतीय जनजातीय सहकारी विपणन विकास महासंघ (TRIFED), नई दिल्ली | अध्यक्ष– रिक्त<br>प्रबंध निदेशक- श्री आशीष चटर्जी | पंजीकृत राज्य- दिल्ली<br>कार्यक्षेत्र- अखिल भारत |
| 17 | राष्ट्रीय सहकारी ऑर्गेनिक्स लिमिटेड (NCOL), आणंद, गुजरात | अध्यक्ष– डॉ. मीनेश शाह<br>प्रबंध निदेशक - श्री विपुल मित्तल | पंजीकृत राज्य- गुजरात<br>कार्यक्षेत्र- अखिल भारत |
| 18 | भारतीय बीज सहकारी समिति लिमिटेड (BBSSL), नई दिल्ली | अध्यक्ष– श्री योगेंद्र कुमार<br>प्रबंध निदेशक - श्री चेतन जोशी | पंजीकृत राज्य- दिल्ली<br>कार्यक्षेत्र- अखिल भारत |
| 19 | भारतीय सहकारी निर्यात (NCEL) लिमिटेड, नई दिल्ली | अध्यक्ष-श्री पंकज कुमार बंसल<br>प्रबंध निदेशक - श्री ऊनुपम कौसिक | पंजीकृत राज्य- दिल्ली<br>कार्यक्षेत्र- अखिल भारत |